## सार-समाचार

### शर्मा बार काउंसिल ऑफ राजस्थान अनुशासन समिति के सदस्य नियुक्त

**कोटा,** (निसं)। पूर्व अध्यक्ष प्रमोद शर्मा बार काउंसिल ऑफ राजस्थान की अनुशासन समिति के सदस्य नियुक्त। कोटा अभिभाषक परिषद कोटा के पूर्व अध्यक्ष प्रमोद कुमार शर्मा एडवोकेट को बार काउंसिल ऑफ राजस्थान की अनुशासन समिति के सदस्य नियुक्त होने पर राजकीय विधि महाविद्यालय के छात्रसंघ अध्यक्ष गौरव मीणा, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष बुद्धराज मेरोठा, एडवोकेट हरिओम मीणा ने माला पहनाकर स्वागत किया। एडवोकेट प्रमोद शर्मा अनुशासन समिति के चेयरमेन भुवनेश शर्मा के साथ सहवरित सदस्य के रूप में अधिवक्ताओं के आचरण को विनियमित करने और पेशेवर कदाचार के मामलों को संबोधित कर उनकी जांच कर अनुशासनात्मक कार्यवाही निर्धारित करने के लिए सुनवाई करेंगे। एडवोकेट हरिओम मीणा ने बताया कि पूर्व अध्यक्ष प्रमोद शर्मा को बार काउंसिल राजस्थान द्वारा सदस्य नियुक्त किए जाने पर अभिभाषक परिषद कोटा के अधिवक्ताओं ने बधाई दी एवं स्वागत किया। उनके सभी शुभचिंतकों में खुशी की लहर है। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट दीपक मित्तल, एडवोकेट शाकिर खान, एडवोकेट हिम्मत सिंह, एडवोकेट भीमराज मीणा, एडवोकेट सागर आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

### माँ भारती में अर्थ डे मनाया

**कोटा,** (निसं)। माँ भारती सीनियर सैकेंडरी स्कूल स्वामी विवेकानंद नगर, कोटा में अर्थ डे मनाया गया। इसके अंतर्गत नन्हे विद्यार्थी हरे रंग के वस्त्रों से सुसज्जित होकर आएं। इसी दौरान विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षों को लगाना, पृथ्वी को साफ सुथरा रखना, प्लास्टिक का प्रयोग न करना आदि विषयों पर आधारित कविता लेख आदि प्रस्तुत किया। तत्पश्चात धरती को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी लेते हुए सभी शिक्षकगण व विद्यार्थियों ने ओथ ली। इसी के तहत स्कूल प्रिंसिपल मोनिका मलिक ने पर्यावरण का महत्व बताते हुए कहा कि हमें परिवार के सदस्य की तरह इसकी देखभाल करनी चाहिए। अंत में स्कूल डायरेक्टर उर्वशी विजय ने कहा कि प्रकृति के साथ हमारे गहरे संबंध हैं।

### शक्ति दिवस मनाया

**कोटा,** (निसं)। एनीमिया मुक्त राजस्थान अभियान के तहत मंगलवार को आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केन्द्र, स्कूलों में शक्ति दिवस मनाया। इस दौरान लक्षित बच्चे, किशोर-किशोरी, धात्री माताएं, गर्भवती व प्रजनन उम्र की लाभार्थी महिलाओं में एनीमिया की स्क्रीनिंग की गई और हीमोग्लोबिन की जांच कर आईएफए (आयरन फोलिक एसिड) की दवाई नि:शुल्क दी गई।

# 2036 ओलम्पिक भारत में हों, सबसे ज्यादा खिलाड़ी कुश्ती से हों यह हमारा प्रयास : खड़से

■ केंद्रीय खेल राज्य मंत्री ने राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता का समापन किया

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान राज्य कुश्ती संघ के तत्वावधान में कोटा में खेली जा रही अंडर-20 राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता का मंगलवार को समापन हो गया। प्रतियोगिता के समापन की घोषणा करते हुए केंद्रीय खेल राज्य मंत्री रक्षा खड़से ने कहा कि 2036 ओलम्पिक भारत में हों और उसमें कुश्ती में सर्वाधिक खिलाड़ी भारत से हों, यह हमारा प्रयास है।

नयापुरा स्थित खेल परिसर के रघुराई एण्डो स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित समापन समारोह में खड़से ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 10 वर्षों के कार्यकाल में खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा दिया है। खिलाड़ियों को ट्रेनिंग और अन्य सभी सुविधाएं बढ़ाई गई हैं।

यही कारण है कि ओलम्पिक, एशियन गेम्स और अन्य अन्तराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत के पदकों की संख्या बढ़ी है। उन्होंने कहा कि सिर्फ मेडल लाना हमारा लक्ष्य नहीं है। हम चाहते हैं कि देश का प्रत्येक नागरिक विशेष तौर पर युवा शारीरिक और मानसिक रूप से फिट हों। इसके लिए फिट इंडिया और खेलों इंडिया जैसे कार्यक्रम प्रारंभ किए गए हैं।

हमारा लक्ष्य है कि सभी खेलों से जुड़कर समय प्रबंधन, एकता और हार-जीत सीखें। इससे वे देश के प्रति अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दे पाएंगे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राजस्थान सरकार में जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत ने कहा कि राजस्थान सरकार खेलों और खिलाड़ियों को सभी सुविधाएं देने के लिए तेजी से काम कर रही है। कई दीर्घकालिक योजनाएं बनाई गई हैं जिससे प्रदेश के खिलाड़ियों को बहुत लाभ मिलेगा।

लाड़पुरा विधायक कल्पना देवी ने कहा कि अंडर-20 राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता का भव्य आयोजन तो एक ट्रेलर था। आने वाले समय में राजस्थान राज्य कुश्ती संघ के अध्यक्ष राजीव दत्ता के नेतृत्व में कोटा में कई बड़े खेल आयोजन होंगे।

**टार्गेट ओलम्पिक पोडियम योजना चलाएगी राजस्थान सरकार:-** ओलम्पिक, एशियन गेम्स और अन्य अन्तरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में राजस्थान के खिलाड़ी भी अधिक से अधिक पदक लाएं इसके लिए राजस्थान सरकार भी केंद्र सरकार की तर्ज पर टार्गेट ओलम्पिक पोडियम योजना चलाएगी। गांव-ढाणी तक नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर ओप जिम भी लगाई जाएंगी। यह घोषणा राजस्थान के खेल मंत्री राज्यवर्धन सिंह ने मंगलवार को अंडर-20 राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता के समापन समारोह में की।

**दत्ता उठाएं कुश्ती को नई ऊंचाई पर ले जाने का बीड़ा:-** अंडर-20 राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता के समापन समारोह में भाग लेने आए सभी अतिथियों ने भव्य आयोजन के लिए राजस्थान राज्य कुश्ती संघ के अध्यक्ष राजीव दत्ता की सराहना की। कोटा शिक्षा के साथ खेलों के क्षेत्र में आगे बढ़े इसमें यह प्रतियोगिता महत्वपूर्ण योगदान देगी। खेल मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौर ने कहा कि इस तरह के खेल होने से एक माहौल तैयार होता है। कोटा में हुई इस प्रतियोगिता से पूरे राजस्थान में कुश्तियों को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने राजस्थान राज्य कुश्ती संघ के अध्यक्ष राजीव दत्ता का आव्हान किया कि वे इस बात का बीड़ा उठाएं कि 2036 ओलम्पिक्स के भारतीय दल में सबसे अधिक पहलवान राजस्थान से हों।

**हरियाणा की बादशाहत कायम, जीते 16 गोल्ड:-** कुश्तियों में हरियाणा ने एक बार फिर अपनी बादशाहत कायम रखी है। कोटा में खेली गई अंडर-20 राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हरियाणा ने कुल 16 गोल्ड मैडल जीते। 6 गोल्ड मैडल के साथ दिल्ली दूसरे और तीन गोल्ड मैडल के साथ उत्तर प्रदेश तीसरे स्थान पर रहा। समापन समारोह में कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, भाजपा शहर जिला अध्यक्ष राकेश जैन, देहात जिलाध्यक्ष प्रेम गोचर, भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय सिंह, राजस्थान सरकार में पूर्व कैबिनेट मंत्री रामगोपाल बैरवा, खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष पंकज मेहता, संभल (उत्तर प्रदेश) के पुलिस उप अधीक्षक और पूर्व अन्तरराष्ट्रीय पहलवान अनुज चौधरी उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### प्रगति स्कूल में अर्थ-डे पर रैली निकाली

**कोटा,** (निसं)। प्रगति इंटरनेशनल स्कूल में पृथ्वी दिवस मनाया गया इस अवसर पर विद्यालय में कक्षा नर्सरी से तीन तक के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई जिसमें पौधारोपण, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन लेखन आदि का आयोजन किया गया। बच्चों द्वारा धरती को बचाने से संबंधित स्लोगन एवं पोस्टर बनाए गए। कक्षा 4 से 10 तक के विद्यार्थियों की रैली विद्यालय चेयरमेन डॉ.जफर मोहम्मद ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना की। विद्यालय से रैली हनुमान मंदिर बजरंग नगर होते हुए, अटवाल नगर, गोपाल विहार प्रथम, गोपाल विहार द्वितीय में पैदल मार्च करती हुई श्री गैंस ऐजेन्सी बारां रोड से होते हुए एसपी सर्किल होते हुए सरस्वती कॉलोनी तक गई फिर विद्यालय पर आकर संपन्न हुई। रैली में बच्चों ने पर्यावरण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने वाले स्लोगन एवं पोस्ट के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। इस पर विद्यालय की ओर से बच्चों द्वारा स्थानीय लोगों, दुकानदारों को विभिन्न प्रकार के पौधे उपहार स्वरूप देकर जागरूक किया। पर्यावरण संरक्षण के प्रति विद्यार्थियों का पर्यावरण के प्रति रुझान एवं जागरूकता को बनाए रखने हेतु विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. जफर मोहम्मद ने धरती को सुरक्षित रखने हेतु अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाने का संदेश दिया।

### महर्षि दयानंद सरस्वती छात्रावास का उद्घाटन

**कोटा,** (निसं)। आर्य समाज रावतभाटा में नवनिर्मित महर्षि दयानंद सरस्वती छात्रावास का राजस्थान परमाणु ऊर्जा विभाग के पूर्व निदेशक केपी ओझा ने किया उद्घाटन। इस बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए आर्य समाज रावतभाटा के मंत्री ओमप्रकाश आर्य ने बताया कि नवनिर्मित छात्रावास उद्घाटन समारोह कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्थान परमाणु ऊर्जा विभाग के पूर्व निदेशक कैलाशपति ओझा की। मुख्य अतिथि सुमनबाला सक्सेना राजस्थान आर्य प्रतिनिधि सभा, विशिष्ट अतिथि राजस्थान आर्य उप प्रतिनिधि सभा कोटा के प्रधान अरविंद पांडेय, विशिष्ट अतिथि डॉक्टर वेद प्रकाश गुप्ता कृष्णा रोटरी ब्लड बैंक कोटा रहे।

### 'प्रकृति से खिलवाड़ चिंताजनक'

**कोटा,** (निसं)। विश्व पृथ्वी दिवस पर मंगलवार को अनंतपुरा स्थित वन विभाग के स्मृति वन में पर्यावरण संस्थाओं चम्बल संसद, बाघ-चीता मित्र, कोटा एनवायरमेंटल सैनिटेशन सोसायटी की वृहद संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक संदीप शर्मा ने अवैध खनन और जंगलों को हो रहे नुकसान पर चिंता जताते हुए वृक्षारोपण करने एवं उन्हें बचाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमें पृथ्वी को मां के समान दर्जा देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान को हर शहर कस्बे में सफल बनाना है।

### पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**रामगंजमण्डी,** (निसं)। मंगलम विद्या विहार मोडक में मंगलवार को पृथ्वी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुनील सचान (चैयरमेन एस.एम.सी. व प्रेसिडेंट मंगलम सीमेंट) रहे। पृथ्वी दिवस के इस अवसर पर छात्र-छात्राओं व अतिथि के द्वारा पक्षियों के लिए परिंडे बाँधे और साथ ही विगत एक वर्ष से संस्कृत शिक्षक नितेश कुमार के दिशा निर्देशन में चलाए जा रहे अन्नकोष से पक्षियों के लिए दाने डाले गए। मुख्य अतिथि ने पृथ्वी दिवस व पोषण पखवाड़े के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं का उत्साहवर्धन किया।

### करोड़ों के कार्य को गति मिली

**कोटा,** (निसं)। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के प्रयास से अब ग्राम-पंचायतों में स्थित सामुदायिक भवनों, विद्यालयों, खेल मैदानों आदि विद्यालयों, खेल मैदानों एवं विकास कार्यों को एक नई गति मिली है। कोटा जिले में सी.एस.आर. योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वीकृत 72 कार्यों में से 17 कार्य पूर्ण हो चुके है। जबकि 46 कार्य प्रगतिरत है जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजपाल सिंह ने बताया कि सी.एस.आर. फण्ड योजनान्तर्गत कोल इण्डिया लिमिटेड के सहयोग से 33 कार्य हेतु 656.80 लाख पॉवर ग्रिड कॉपारेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड के सहयोग से 38 कार्य 938.90 लाख राशि से कारवाए जा रहे हैं।

### गड्ढे में गिरने से घायल हुए मजदूर की हुई मौत

**कोटा,** (निसं)। तालेड़ा थाना इलाके में मजदूरी करके घर लौटते समय रास्ते में 5 फीट गहरे गड्ढे में गिरने से मजदूर घायल हो गया, जिसे उपचार के लिये एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक जलोदी गांव निवासी शंकर लाल (58) है। तालेड़ा पुलिस ने बताया कि 19 अप्रेल की रात्रि को शंकर लाल मजदूरी करके घर लौट रहा था, कि गांव के पास ही रास्ते में अंधेरा अधिक होने से 5 फीट गहरे गड्ढे में गिर गया। जिसे उपचार के लिये एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई।

# मंत्री सुरेश रावत का कोटा आगमन पर स्वागत किया

**कोटा,** (निसं)। रघुराई स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, में आयोजित राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता-2025 में सम्मिलित होने कोटा आये हुऐ सुरेश सिंह रावत जल संसाधन मंत्री राजस्थान सरकार का कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, जिलाध्यक्ष राकेश जैन के सानिध्य में भाजपा शहर जिला कोटा द्वारा सर्किट हाऊस में पार्टी दुपट्टा, साफा पहनाकर और पुष्पगुच्छ के माध्यम से भव्य स्वागत किया गया।

जिलाध्यक्ष जैन ने बताया कि सुरेश सिंह रावत जल संसाधन मंत्री ने आईएमटीआई सभागार में अधिकारियों के साथ कोटा संभाग की प्रगतिरत विभागीय परियोजनाओं की समीक्षा बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए सुरेश सिंह रावत ने कहा कि ईआरसीपी पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना राजस्थान सरकार की एक महत्वकांशी परियोजना है, इसका उद्देश्य पूर्वी राजस्थान में पानी की कमी की समस्या का सामना करने वाले जिलों में पीने के लिए पानी और सिंचाई के लिए जल उपलब्ध कराना है। राजस्थान में भाजपा की सरकार बनते ही इस पर कार्य करना शुरू कर दिया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में बहुत अल्प समय में इस योजना को अमलीजामा पहनाने का कार्य किया जा रहा है। प्रथम फेज के तहत 12 हजार करोड़ के टेण्डर कर, वर्क ओर्डर जारी कर दिये गये। द्वितिय फेज के टेण्डर प्रक्रियाधीन है। सरकार का प्रयास तय समय सीमा के अंदर आमजन को इस योजना का लाभ पहुंचाया जाना है। यह एक बहुत बड़ी परियोजना है, कुल राजस्थान की जनसंख्या में 40 प्रतिशत आबादी इस योजना से लाभांवित होगी।

सूखाग्रस्त इलाकों में पानी की आपूर्ति के विषय पर जवाब में रावत ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान मरू-प्रदेश से हरित प्रदेश बनने जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने वॉटर ग्रीड की घोषणा की है। पूरे राजस्थान में चाहे वो कालीसिंध हो, पार्वती हो, चंबल हो या नर्मदा नदी हो। सभी नदियों से अधिक से अधिक मात्रा में पानी मिल सकें इस कार्य में सरकार प्रयत्नशील है। ताकि सूखाग्रस्त इलाकों में पानी पहुंचाया जा सकें। सरकारी योजनाओं का कार्य तय समय सीमा एवं गुणवत्तापूर्ण हो, जिससे आमजन को इसका लाभ मिल सके। इसके लिये अधिकारियों, कोन्ट्रेक्टरों, इंजीनियरों सभी को पाबंद किया गया है। मैं स्वंय 15 दिन में कार्य प्रगति कि रिपोर्ट ले रहा हू। मौके पर जाकर कार्य के प्रगति को देख रहा हूं। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष रितेश चित्तौड़ा, मंत्री जयदेव सुखेजा, पार्षद राकेश पुटरा, विजयलक्ष्मी, रेखा मण्डल अध्यक्ष संजय सैनी, चंद्रप्रकाश महावर, प्रदीप राठौर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### अस्पताल परिसर से महिला का बैग चोरी

**कोटा,** (निसं)। संभाग के सबसे बड़े एमबीएस सरकारी अस्पताल परिसर में चोरी के मामले थमने का नाम नही ले रहे है। मंगलवार को भी चोरी का एक मामला सामने आया मामले में देखने को मिला कि चोरों के हौसले इतने बुलंद है कि जिस जगह से एक महिला का बैग चोरी होने की बात सामने आई उस जगह से कुछ ही दूरी पर पुलिस चौकी बनी हुई है। जिला बारां से दो वर्षीय बच्चे को दिखाने पहुंची महिला का बैग अस्पताल परिसर स्थित अन्नपूर्णा योजना के बाहर से चोरी होने का मामला सामने आया और अन्नपूर्णा योजना के पास ही एमबीएस अस्पताल की पुलिस चौकी है। मामले में सामने आया कि बारां जिले के बनियानी गांव से एक महिला अपनी भाभी के साथ बालक को दिखाने के लिये कोटा में सरकारी अस्पताल पहुंची, जहां बच्चे को दिखाने के बाद दोनों महिलाएं खाना खाने के लिये अस्पताल परिसर स्थित अन्नपूर्णा योजना के बाहर पहुंची। अन्नपूर्णा योजना के बाहर भीड़ अधिक थी महिला टोकन लेने के लिये लाईन में लगी, उस समय उसने बैग नीचे रख दिया। दोनों महिलाओ को बाद में बैग की याद आई तो बैग नही मिला बैग को कोई अज्ञात व्यक्ति ले गया। महिला ने बताया कि बैग में बालक की दवाईयां और कुछ नकद रूपये थे। अन्नपूर्णा योजना के कर्मचारी ने बताया कि मंगलवार को दो महिलाएं बच्चे को दिखाने के बाद खाना खाने के लिये आई थी। महिला लाईन में लगी हुई थी उसने टोकन लेने के बाद खाना लेने के लिये बैग पास में ही रखा था। कर्मचारी ने बताया कि दोनों महिलाओं को खाना खाने के बाद बैग की याद आई जब आस-पास देखा तो बैग गायब था।

### युवक कांग्रेस की बैठक संपन्न

**कोटा,** (निसं)। मंगलवार युवक कांग्रेस कोटा संभाग कि बैठक का आयोजन गुमानपुरा कांग्रेस कार्यालय में सम्पन्न हुई जिसमे मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष व संभाग प्रभारी अशोक कुल्हरिया उपस्थित रहे जिसमे कोटा, बारां, बूंदी झालावाड़ के जिला अध्यक्ष व कार्यकारिणी विधानसभा अध्यक्ष व कार्यकारिणी, प्रदेश समन्वयक पदाधिकारी उपस्थित रहे जिसमे 25 अप्रैल शुक्रवार को दिल्ली में ईडी के खिलाफ होने वाले विशाल प्रदर्शन में शामिल होने को लेकर जिम्मेदारी बांटी गई।


**एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड**
(ए शेड्यूल्ड कमर्शियल बैंक)
रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-A, धुलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर-302001 (CIN:L36911RJ1996PLC011381)

**परिशिष्ट IV (देखें नियम 8 (1) कब्जा सूचना)**

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (ए शेड्यूल्ड कमर्शियल बैंक) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 का सपठित नियमों के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में मांग सूचना पत्र दिनांक 20/04/2021 को संदर्भ संख्या SME/SAR/13-2/APR-21/23 ऋण खाता संख्या: 1721225214782214 निर्गमित की जिसमें माँग करते हुए ऋणी/ जमानतदार/ बंधककर्ता मैसर्स मोहम्मद रईस एन्टरप्राइजेज जरिए प्रोपराइटर श्री रईस मोहम्मद पुत्र जन मोहम्मद (ऋणी/बंधककर्ता), श्रीमती शायना बी पत्नी रईस मोहम्मद (जमानतदार) के लिए ऋण खाता संख्या 1721225214782214 रूपये 10,57,233/- (रूपये दस लाख सतावन हजार दो सौ तैंतीस मात्र) कुल देय (जिसमे शामिल मूलधन, ब्याज, पेनल्टी एवं अन्य शुल्क) सम्पूर्ण बकाया राशि के भुगतान तक भविष्य का ब्याज व शुल्क अतिरिक्त की राशि इस नोटिस की प्राप्ति की दिनांक से 60 दिनों के भीतर चुकाने के लिये कहा गया था।

ऋणी/बंधककर्ता/जमानतदार के वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणी/ बंधककर्ता/ जमानतदार एवं समान्यजन को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित उक्त नियम 8 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा 19 अप्रैल 2025 को अधिग्रहण कर लिया है।

ऋणियों का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के सन्दर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।

ऋणी/बंधककर्ता/जमानतदार को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई व्यवहार के लिए ऋण खाता संख्या 1721225214782214 रूपये 23,46,856/- (रूपये तेइस लाख छियालीस हजार आठ सौ छप्पन मात्र) दिनांक 18 अप्रैल 2025 तक सम्पूर्ण बकाया राशि के भुगतान तक भविष्य का ब्याज व शुल्क अतिरिक्त की राशि एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

**स्थावर सम्पत्ति का विवरण**

सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग, स्थित खसरा नं. 897, ग्राम पंचायत, सुकेत, पंचायत समिति-खेराबाद, तहसील-रामगंज मण्डी, जिला-कोटा, भूमि का क्षेत्रफल 1950.00 वर्ग फीट, जो कि मोहम्मद रईस के स्वामित्व में है

पूर्व: आसीफ मोहम्मद का मकान, पश्चिम: रामगंज मण्डी रोड,
उत्तर: शरीफ मोहम्मद का मकान, दक्षिण: जुगल किशोर का मकान

दिनांक: 19 अप्रैल 2025 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान: तहसील-रामगंज मण्डी, जिला - कोटा एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड



**नाम परिवर्तन**

पूर्व में मेरा नाम सभी दस्तावेजो में मेरा नाम बतूल (BATUL) है। अब मैंने मेरा नाम बदलकर बतूल बंदूकवाला (BATUL BANDUKWALA) रख लिया है। भविष्य में मुझे बतूल बंदूकवाला (BATUL BANDUKWALA) के नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-बतूल बंदूकवाला पुत्री होजेफा अली, बोहरा गली बोहरा मस्जिद के पास टिपटा, कोटा



**पश्चिम मध्य रेल**

खुली निविदा सूचना
संख्या: ईएल/50/एनआईटी/36 (2025-26) दिनांक 17.04.2025

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरि. मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते है। निविदा संख्या- ईएल/50/248/2025-26, कार्य का नाम- केबल, पंप, एयर कंडीशनर और एयर-कूलिंग वर्क्स आदि सहित बिजली परिसंपत्तियों के प्रावधान और प्रतिस्थापन I, अनुमानित लागत (रू. में.)- 92,90,904.60, बयाना राशि (रू. में)- 1,85,800/-, कार्य समाप्ति अवधि- 06 माह, निविदा प्रस्तुत करने एवं खुलने की दिनांक तथा समय- 12.05.2025 को 15:00 बजे तक एवं खुलने का समय 15:15 बजे, ऑफर केबल ई-टेण्डरिंग के माध्यम से वेबसाईट http://www.ireps.gov.in पर स्वीकार किए जायेंगे। निविदा दाता के पास क्लास III डिजिटल सिग्नेचर सार्टिफिकेट होना चाहिए एवं आई.आर.ई.पी.एस पोर्टल पर रजिस्टर्ड होना चाहिए। काई भी निविदा मैनुअली स्वीकार नहीं है। निविदा डालने से पहले टेंडर दस्तावेजों की स्पेशल कंडीशन्स एवं शर्तें अवश्य पढ़ लें।

(हस्ता.)
कृते वरि. मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य)
पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



**पश्चिम मध्य रेल**

खुली निविदा सूचना
संख्या: ईएल/टीआरडी/50/एनआईटी
दिनांक : 17.04.2025

भारत के राष्ट्रपति के लिए अथवा उनकी ओर से वरि. मं. वि. इंजी (क.वि.) प.म.रे. कोटा निम्न कार्य लिये खुली मोहरबंद ई-निविदा आमंत्रित करता है। निविदा संख्या एवं कार्य का नाम- ईएल/ टीआरडी /50/02R4 (2024 & 25) & (1) ओहचइ वर्क इन कनेक्शन वित कंस्ट्रक्शन ऑफ 2 लेन आरओबी (13 नंबर्स) एट एलसी नं. 127, 216, 126, 173, 118, 217, 113, 200, 141x, 148, 175, 128, 123, 231 & 242 ऑफ कोटा डिवीजन। (2) एक्सटेंशन एंड रेजिंग ऑफ प्लेटफार्म ऑफ लाखेरी केशोराय पतन बरून्दनी और मोरक स्टेशन ऑफ कोटा डिवीजन I, कार्य की अनुमानित लागत- 83,83,679.00, निविदा बंद होने की दिनांक एवं समय- दिनांक 13/05/2025 को 15:30 बजे, वेबसाईट का विवरण तथा नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से निविदा देखा जा सकें। https://www.ireps.gov.in वरि. मं. वि. इंजी (क.वि.) कोटा प्रथम तल मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय प.म.रे. कोटा, ऑफर केबल ई-टेण्डरिंग के माध्यम से वेबसाईट http://www.ireps.gov.in पर स्वीकार किए जायेंगे। निविदा दाता के पास क्लास III डिजिटल सिग्नेचर सार्टिफिकेट होना चाहिए एवं आई.आर.ई.पी.एस पोर्टल पर रजिस्टर्ड होना चाहिए। काई भी निविदा मैनुअली स्वीकार नहीं है। निविदा डालने से पहले टेंडर दस्तावेजों की स्पेशल कंडीशन्स एवं शर्तें अवश्य पढ़ लें।

(हस्ता.)
वरि. मं. वि. इंजी (क.वि.) पमरे, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



**कार्यालय नगर निगम कोटा दक्षिण, राजस्थान**

क्रमांक-ननि (दक्षिण) को/उपा.रा./2025/7398-99 दिनांक 22.4.25

**सार्वजनिक आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को जर्ये आम सूचना सूचित किया जाता है कि श्री राहुल बाटला पुत्र श्री चरणजीत बाटला, निवासी 61-ए तलवण्डी कोटा नगर निगम कोटा की होटल/ रेस्टोरेन्ट/मैस उपविधि 2016 के अनुसार HOTEL PARK HORIZON सीपी-2, आईपीआईए रोड नं. 4, झालावाड रोड, बेस्ट प्राईज के पास, कोटा में संचालन करने की अनुमति चाही गई है।

इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस की अवधि में राजीव गांधी भवन नगर निगम कोटा के ब्लॉक ए के प्रथम तल के कमरा नं. 238 में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी तथा उपविधि 2016 के अनुसार कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जावेगी। सूचित हो।

उपायुक्त राजस्व नगर निगम कोटा (दक्षिण)



**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक:-एफ11 विक्रय/2025/1470 दिनांक:-9.4.25

**नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना**

नगर विकास न्यास कोटा द्वारा आवास संख्या 279 श्रीनाथपुरम-बी आवासीय योजना में आवंटन पत्र क्रमांक 274 दिनांक 06.10.1995 को श्री शम्भूदयाल पुत्र श्री रामरतन के नाम आवंटन किया गया था। श्री शम्भूदयाल पुत्र श्री रामरतन द्वारा उक्त आवास का जर्ये मुख्तारआम श्री बनवारी लाल पुत्र श्री रघुनाथ प्रसाद द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 05.02.2025 को श्रीमती चंचल नागर पत्नी श्री अशोक नागर को विक्रय कर दिया गया है। अत: श्रीमती चंचल नागर पत्नी श्री अशोक नागर द्वारा उक्त आवास का स्वामित्व अपने नाम से नामहस्तान्तरण करने हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त आवास संख्या 279 श्रीनाथपुरम-बी आवासीय योजना का नाम हस्तान्तरण श्रीमती चंचल नागर पत्नी श्री अशोक नागर के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण कोटा



**कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक:-एफ-15/कृ.भू.रू./2025/129 विज्ञप्ति दिनांक:-22.4.2025

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम रंगतालाब उर्फ कालातालाब में स्थित कृषि भूमि योजना विका नगर भूखंड संख्या 47-बी खसरा नं. 327 आवेदक/आवेदिका श्री मोहम्मद अली पुत्र श्री लियाकत अली निवासी भारतीय चिल्ड्रन स्कूल के पास करबला चौक सुल्तानपुर कोटा हाल निवासी मकान नं. 2 गायत्री विहार द्वितीय बोरखेडा कोटा राज. द्वारा ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण हेतु प्राधिकरण कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखंड का पट्टा क्रमांक 257 दिनांक 15.02.2022 को श्री सुरेश चन्द पुत्र श्री राम नारायण के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टेधारी द्वारा भूखंड संख्या 47 का उपविभाजन आदेश क्रमांक 1251 दिनांक 06.12.2022 से भूखंड संख्या 47-ए ऐरिया 83.33 वर्गगज एवं 47-बी ऐरिया 83.33 वर्गगज के रुप में किया गया है। पट्टाधारी द्वारा भूखंड संख्या 47-बी का बैचान जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 12.02.2025 को जर्ये मुख्तारआम रफीकुद्दीन पुत्र चिराकुद्दीन द्वारा आवेदक के पक्ष में किया गया है।

अत: श्री मोहम्मद अली पुत्र श्री लियाकत अली के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा



**कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक:-एफ-15/कृ.भू.रू./2